हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

4

कलेक्टर ने ली आश्रम, छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक



## खबर संक्षेप

### अऋणी किसानों को बीमा से जोड़ने गांवों में चलेगा अभियान

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में जिले के अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा का सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम से फसल को नुकसान होने की स्थिति में योजना के प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। खरीफ वर्ष 2026-27 में पात्र किसानों, विशेषकर अऋणी कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाने के लिए ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के साथ ही बीटीएम, एटीएम एवं कृषक मित्रों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मृतकों के परिजन के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं आकस्मिक जनहानि के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### कक्षा 6वीं प्रवेश काउंसलिंग निरस्त

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर आयोजित काउंसलिंग को निरस्त कर दिया गया है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देश 21 जुलाई 2026 के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने जिला से काउंसलिंग हेतु चयनित विद्यार्थियों एवं पालकों को सूचित किया है कि शासन से नवीन दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही काउंसलिंग की अगली तिथि की सूचना दी जाएगी।

### अधिक विद्यार्थियों को नवोदय चयन परीक्षा से जोड़ने की पहल

**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है। नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखानी ने कलेक्टर रोहित व्यास को भेजे पत्र में जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के सफल संचालन में प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग और संरक्षण के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विद्यालय अपने उद्देश्यों की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होता है। पिछले वर्ष इस परीक्षा के लिए देशभर में 25 लाख 99 हजार 277 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इस वर्ष समिति का लक्ष्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों, विशेष रूप से बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित है।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 4 आरोपी गिरफ्तार

# बगीचा पुलिस ने लाखों की मोबाइल चोरी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 47 मोबाइल फोन, बाइक व नकदी बरामद
- एक फरार आरोपी की तलाश जारी

21 जुलाई की रात्रि 9 से 22 जुलाई की प्रातः 7 बजे के मध्य थाना बगीचा क्षेत्र के बस स्टैंड प्रतीक्षालय के पीछे स्थित कैपिटल मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखे नए एवं पुराने कुल 93 नग मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 75 हजार रुपए चोरी कर लिए। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार जैद अली पिता मोहम्मद इकराम अली, उम्र 28 वर्ष, निवासी सुकबासु पारा, बगीचा की लिखित शिकायत पर थाना बगीचा में अपराध क्रमांक 197/2026 अंतर्गत धारा 331(4), 305(A), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना बगीचा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों ⏭ शेष पेज 4 पर



### 10 लाख रुपए कीमत के 47 मोबाइल बरामद

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 47 मोबाइल फोन, जिनकी बाजार कीमत लगभग 10 लाख रुपए चोरी की 600 रु.नगद राशि तथा घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की यामाहा एमटी बाइक कीमत लगभग 60 हजार रुपए बरामद कर जप्त की गई है। विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है, जबकि बालिग आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं शेष चोरी गए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

मामले की कार्यवाही व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक गौरव कुमार पांडे, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार कामरे, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिंज, प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सिंह, आरक्षक मुकेश पांडे , फुलजेंस टोप्पो, धनेश्वर राम, राजेश कालो एवं नगर सैनिक बलिराम की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

### चंद घंटों में आरोपी पकड़े गए

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत एक दुकान से मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस के द्वारा अत्यंत प्रोफेशनल तरीके से कार्यवाही करते हुए, चंद घंटों में चार आरोपियों, जिसमें से तीन विधि से संघर्षरत बालक हैं, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड व बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है, एक फरार आरोपी की पता साजी जारी है, जिसे भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# निरीक्षण के दौरान नदारद रहे सीएमओ, भड़के कलेक्टर




- नगर पालिका में सीएमओ दफ्तर को किया गया सील

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन ने शुक्रवार को नगर पालिका के सीएमओ कार्यालय को राजस्व अधिकारियो की टीम ने सील कर दि या । कार्रवाई के कुछ देर बाद ही सील को हटा दिया गया। अचानक हुई कार्रवाई से नगर पालिका में अफरा तफरी मच गई।

नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत ने बताया कि नगर में चल रहे विकास कार्यो का कलेक्टर रोहित व्यास के साथ निरीक्षण करना था। तय समय पर सारे लोग पहुंच गए थे लेकिन सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय नदारद थे। इस पर अध्यक्ष श्री भगत ने कलेक्टर को बताया कि नपा में विकास कार्यों और परिषद में लिए गए निर्णय भी सही तरीके से लागू नहीं हो ⏭ शेष पेज 4 पर

### क्या कहते हैं सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय का कहना है कि न्यायलयीन कार्य के सिलसिले में बिलासपुर गया हुआ था। इसके बाद शुक्रवार को जेडी कार्यालय अंबिकापुर में हूं। आज शाम तक लौटूंगा।

# तेज रफ्तार बेकाबू कार की टक्कर से उपसरपंच की पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

- कार का एयर बैग खुलने से बची चालक की जान

कांसाबेल-बगीचा स्टेट हाईवे पर शांति नगर स्थित शिवांश मार्ट के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है।

बगीचा रोड की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बेकाबू कार क्रमांक सीजी 14 एमएस 3932 ने सड़क किनारे खड़ी कांसाबेल उपसरपंच अमित जिंदल की गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उपसरपंच की कार सड़क किनारे बाईं ओर खेत में जा गिरी, जबकि अनियंत्रित बेकाबू कार सड़क पार कर पास ही बने एक मकान के अंदर जा घुसी। इस हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं और भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। उपसरपंच की पत्नी घायल, नशे में धुत चालक बाल-बाल बचा दुर्घटना के समय उपसरपंच अमित जिंदल गाड़ी में मौजूद नहीं थे, लेकिन उनकी पत्नी कार के अंदर बैठी हुई थीं। हादसे में उन्हें सिर पर चोट आई है। उपसरपंच ने बताया कि दुर्घटनाकारित वाहन को उसका मालिक नयन सुख कुजूर स्वयं चला रहा था और वह अत्यधिक नशे की हालत में धुत्त था। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह वाहन पर से संतुलन खो बैठा। गनीमत यह रही कि दुर्घटना के वक्त बेकाबू कार के एयरबैग (एयर बलून) खुल गए, जिससे नशे में धुत चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं और एक बड़ा जानलेवा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही कांसाबेल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# जशपुर वनमण्डल रोका वनभूमि पर अतिक्रमण का प्रयास

- 3 हेक्टेयर क्षेत्र में 5 000 पौधों का किया गया वृक्षारोपण

**जशपुरनगर।** वनमण्डल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र बगीचा के परिसर सोनगेरसा स्थित कक्ष क्रमांक पीएफ 1253 में 23 जुलाई को लगभग 3 हेक्टेयर वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण का प्रयास किया गया। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए न केवल अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया गया, बल्कि संबंधित भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर उसी दिन 5 हजार पौधों का रोपण भी कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलोचन यादव, पिता जगदीश यादव, गणेश यादव, पिता जगदीश यादव, हिरालाल, पिता डूमरा, जाति कोरवा, नन्दलाल, पिता डूमरा, जाति कोरवा एवं सुधन, पिता सुखदेव द्वारा उक्त वनभूमि पर झाड़ियां काटकर साफ-सफाई करते हुए अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना तत्काल वनमण्डलाधिकारी, जशपुर एवं उपवनमण्डलाधिकारी, पत्थलगांव को दी गई। वनमण्डलाधिकारी, जशपुर के निर्देश तथा उपवनमण्डलाधिकारी, पत्थलगांव के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी, बगीचा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। वन कर्मचारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इस अभियान में बीडीसी, ग्राम पंचायत सोनगेरसा के सरपंच, पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी के संयुक्त प्रयासों से वनभूमि को सुरक्षित करते हुए उसी क्षेत्र में 5,000 पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जिससे भूमि का संरक्षण सुनिश्चित हो सके तथा भविष्य में पुनः अतिक्रमण की संभावना को रोका जा सके। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वनभूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, वनों की कटाई अथवा प्राकृतिक संसाधनों को क्षति पहुंचाने के प्रयासों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय समुदाय की सहभागिता से वन संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ग्रामवासियों ने वन संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौध रोपण एवं वन संपदा की सुरक्षा हेतु सामूहिक सहयोग का आह्वान किया।



# आत्मानंद स्कूल जशपुर में साईंकिल वितरित




**जशपुरनगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को धरातल पर उतारते हुए राज्य सरकार की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय जशपुर नगर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 63 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जशपुर नगर पालिका के अध्यक्ष अरविंद कुमार भगत रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी 63 छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना दूरस्थ अंचलों से आने वाली बेटियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। अब छात्राओं को स्कूल आने-जाने में 4-5 किलोमीटर पैदल नहीं चलना पड़ेगा। समय की बचत होगी और वे पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाएंगी। सरकार की मंशा है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद प्रेमशिला साहू, पूर्व पार्षद गणेश साहू, पिंकी लकड़ा, जनप्रतिनिधि अमित साय उपस्थित थे। साथ ही स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय बिहारी, विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक सत्यनारायण पाठक एवं बड़ी संख्या में छात्राओं के पालकगण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# संकल्प दिवस के रूप में मना लक्ष्मीबाई केलकर का जन्मदिवस

**जशपुरनगर।** राष्ट्र सेविका समिति ने लक्ष्मीबाई केलकर का जन्मदिवस संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समिति की सेविकाओं ने भाग लेकर राष्ट्रसेवा, संस्कार और संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका डॉ. सुलभा देशपांडे (बिलासपुर) ने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर का नाम अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प, आत्मबल, संगठन क्षमता और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से एक नारी समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने बताया कि वंदनीय मौसीजी के विचारों से प्रेरित होकर वर्ष 1936 की विजयादशमी के दिन राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना हुई। आज यह संगठन राष्ट्रभक्ति, सेवा, संस्कार और संगठन के मूल्यों पर आधारित एक व्यापक महिला आंदोलन के रूप में देशभर में कार्य कर रहा है। डॉ. देशपांडे ने बताया कि 6 जुलाई 1905 (आषाढ़ शुक्ल दशमी) को नागपुर के राम मंदिर गली में भास्करराव दाते एवं श्रीमती यशोदाबाई दाते के संस्कारित परिवार में लक्ष्मीबाई केलकर का जन्म हुआ। जन्म के समय उनकी कोमल, गुलाबी और कमल के समान सुंदर काया को देखकर चिकित्सक ने उनका नाम ₹कमल₹ रखा था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रकार्य के लिए समर्पित कर दिया और अंतिम क्षण तक अपने संकल्प का निष्ठापूर्वक पालन किया। यही संकल्प आज प्रत्येक सेविका के जीवन का आधार और प्रेरणा है।



# संकल्प शिक्षण संस्थान में पौधरोपण



**जशपुरनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित पृथ्वी का संदेश देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने मिलकर परिसर मे पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षिका सीमा गुप्ता द्वारा जामुन का पौधा और शिक्षक दीपक कुमार ग्वाला के द्वारा लक्ष्मी तरु का पौधा लगाकर की गई। इसके बाद बच्चों ने बरगद, पीपल, आम, अमरूद , गुलैची, लक्ष्मी तरु, सागौन और गुलमोहर के पौधे लगाए। प्रत्येक कक्षा के छात्र एवं छात्राओं को को एक एक पौधा गोद दिया गया, जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी उसी कक्षा के विद्यार्थियों की होगी। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद गुप्ता ने कहा, ₹पेड़ ही जीवन हैं। आज एक पौधा लगाना कल की पीढ़ी के लिए ऑक्सीजन बचाना है। संकल्प शिक्षण संस्थान का उद्देश्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। कार्यक्रम में शिक्षिका सीमा गुप्ता जो कि अपने जन्मदिन में भी प्रत्येक वर्ष एक पौधा स्कूल प्रागण में लगाती हैं ने बच्चों को बताया कि पेड़ कैसे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, भूजल बढ़ाते हैं और गर्मी कम करते हैं। उन्होंने पर्यावरण जागरूकता के लिए अपनी कक्षा के बच्चों को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी कराया।

## नाबालिग दिव्यांग से दुष्कर्म, 20 वर्ष का सश्रम कारावास

# दुष्कर्म के तीन मामलों में तीन आरोपियों को कोर्ट ने दी सजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कठोर कार्रवाई की जशपुर पुलिस की प्रतिबद्धता को एक और सफलता मिली है। थाना फरसाबहार में दर्ज नाबालिग दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में विशेष न्यायालय (पॉक्सो), कुनकुरी ने आरोपी गजाधर पैंकरा उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम बनगांव कनवारबस्ती, थाना फरसाबहार को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 हजार रु.अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

न्यायाधीश (पॉक्सो), कुनकुरी द्वारा अभियोजन पक्ष के मौखिक, चिकित्सकीय, वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों का परीक्षण करने के उपरांत आरोपी गजाधर पैंकरा को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(ट) के अपराध में दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास, 1हजार रु. अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पीड़ति को शासन की पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना के तहत क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने के निर्देश भी जारी किए।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, 7 साल कारावास

जिले के थाना कुनकुरी में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 169/2025 में विशेष न्यायालय (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम), जशपुर द्वारा आरोपी मनोज कुमार पाण्डेय ,उम्र 44 वर्ष को दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण की सुनवाई उपरांत विशेष न्यायाधीश सतेंद्र कुमार साहू, विशेष न्यायालय (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम), जशपुर द्वारा दिनांक 23 जुलाई को निर्णय पारित किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत मौखिक, दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों तथा प्रभावी न्यायालयीन पैरवी के आधार पर अभियुक्त मनोज कुमार पाण्डेय को दोषी ठहराया।




### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध जशपुर पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कांसाबेल में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 75/2026 के गंभीर पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में विशेष पॉक्सो न्यायालय, जशपुर के अपर सत्र न्यायाधीश जनार्दन खरे ने 23 जुलाई को आरोपी कलेश्वर राम विश्वकर्मा को भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषसिद्धि पाते हुए आजीवन कारावास सहित अन्य दंड से दंडित किया। साथ ही पीड़िता को शासन की प्रचलित योजना के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति प्रदान किए जाने का भी आदेश पारित किया।

# कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम परिसर की सुरक्षा का लिया जायजा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने ईवीएम स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वीवीपैट रूम, बैलट यूनिट रूम तथा कंट्रोल यूनिट रूम के बाहरी क्षेत्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री व्यास ने स्ट्रांग रूम परिसर एवं उसके आसपास नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में अनावश्यक रूप से रखे गए अनुपयोगी सामानों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने तथा परिसर को व्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी, परिसर की सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने तथा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# 3 घंटे में जननायकन ने छू लिया देश का हर मुद्दा

**नई दिल्ली।** थलापति विजय की तीन घंटे तीन मिनट की फिल्म जननायकन रिलीज हो गई है। फिल्म ने देश का मुद्दा छू लिया है। ये पूरी तरह से एक मासी फिल्म है जिस तरह की फिल्मों के लिए विजय को पहचाना जाता है। फिल्म में भ्रष्टाचार की मिसाल के तौर पर प्रमुखता से आते हैं प्रकाश राज. किस तरह से राजनीति के नाम पर जनता को ठगा जाता है और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है, उसके वो प्रतीक हैं। अक्सर नकली शराब से लोगों की मौत की खबरें आती है। फिल्म में जब थलापति विजय इंस्पेक्टर होते हैं तो वो जहरीली शराब पर लगाम कसने की कोशिश करते हैं और कामयाब भी होते हैं।

लाइफ Style

# तेजस्विनी

## आईवीएफ से बदल गया शरीर का शेफ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मॉडल और एक्ट्रेस तेजस्विनी कोल्हापुरे ने पहली बार आईवीएफ के दौरान झेली गई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की है। पद्मिनी कोल्हापुरे की छोटी बहन और श्रद्धा कपूर व सिद्धांत कपूर की मौसी तेजस्विनी ने बताया कि मां बनने का उनका सफर बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'इसका मुझ पर शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत बुरा असर पड़ा।

मैं तब जैसी थी और अब जैसी हूं, उसमें काफी फर्क आ गया है। मानसिक रूप से मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हूं। शारीरिक रूप से, इतने सारे इंजेक्शन की वजह से मेरे शरीर का आकार ही बदल गया है। मैंने 1000 से ज्यादा इंजेक्शन लगवाए। अगर आपकी प्रेग्नेंसी पॉजिटिव आती है तो इंजेक्शन बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन, मेरा नहीं हुआ । इसलिए, मैंने इसे पांच बार किया। पांचवीं बार मैं लकी रही। इस बीच मेरे दो मिसकैरेज हुए। आप मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह एक मुश्किल वक्त था।' उन्होंने कहा कि आईवीएफ के दौरान उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और यह उनके जीवन का सबसे कठिन समय था। तेजस्विनी ने बताया कि उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि पांच बार आईवीएफ कराया। उनके मुताबिक यह प्रक्रिया बेहद दर्दभरी होती है और हर बार क्लिनिक जाकर इंजेक्शन लगवाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंसान को मानसिक रूप से बहुत मजबूत बनना पड़ता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि अगर संभव हो तो 35 साल की उम्र से पहले परिवार बढ़ाने की योजना बना लेनी चाहिए।



## हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक की रिलीज डेट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** रैप आइकन और एक्टर स्नूप डॉग की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक अब आधिकारिक तौर पर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सल पिक्चर्स इस फिल्म को 6 अगस्त 2027 को रिलीज करेगा। यह फिल्म स्नूप डॉग के एक कलाकार से लेकर बड़े म्यूजिक मोगुल और गैंगस्टा रैप आइकन बनने तक के सफर को दिखाएगी। इस फिल्म को क्रेग ब्रेवर डायरेक्ट करेंगे, जो 'हसल एंड फ्लो' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। स्क्रिप्ट को उन्होंने जो रॉबर्ट कोल की ओरिजिनल कहानी पर दोबारा लिखा है।



# डेडपूल में फिर वेड विल्सन बनकर लौटेंगे रयान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि नई 'डेडपूल' फिल्म पर काम शुरू हो चुका है और वह एक बार फिर वेड विल्सन के किरदार में नजर आएंगे। रयान ने यह जानकारी फैनैटिक्स फेस्ट 2026 के दौरान दी। इससे पहले वह ह्यू जैकमैन के साथ 'डेडपूल एंड वूल्वरिन'में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इवेंट के दौरान रयान ने कहा कि फिल्मों में अभी भी कॉमिक्स के कई दिलचस्प हिस्से दिखाना बाकी है। उन्होंने बताया, 'ऐसी कई चीजें हैं जो फिल्मों में अभी तक नहीं दिखीं। कुछ शानदार काम फैबियन निकीजा और गेरी डगन जैसे राइटर्स ने किया है, जिन्हें मैं बहुत पसंद करता हूं।'उन्होंने आगे कहा, 'कुछ नया आने वाला है और हां, आगे चलकर एक और 'डेडपूल' फिल्म जरूर बनेगी। यह बहुत शानदार होगी।'



# कहां चले गए.. गाने में प्रीति की आंखें नम


**मुंबई।** 'बंटवारा 1947' का पहला गाना 'कहां चले गए हो राम' रिलीज हो गया है। यह एक दिल को छू लेने वाला म्यूजिकल ट्रिब्यूट है जो फिल्म की इमोशनल कहानी को दिखाता है। यह गाना फिल्म की इमोशनल भावना को बहुत अच्छे से दिखाता है और एक मां के प्यार, तड़प और अटूट विश्वास को दिल को छू लेने वाले अंदाज में पेश करता है। वीडियो की शुरुआत सनी देओल और प्रीति जिंटा के शबाना आजमी के पीछे खड़े होने से होती है, जो भगवान राम से पूरे दिल और शालीनता के साथ प्रार्थना कर रही हैं। इसके बाद एक शानदार पार्टी के सीन दिखाए जाते हैं। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। इस दिल को छू लेने वाले गाने को अनुराधा पौडवाल और शान की सदाबहार आवाजों ने जीवंत किया है।




# रोमांचकम का पहला गाना रिलीज...

**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक वेणु गोपाल रेड्डी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'रोमांचकम' का पहला गाना 'राधा रमना' गुरुवार को रिलीज कर दिया गया। गाने को वासुकी वैभव ने अपनी आवाज देने के साथ-साथ संगीतबद्ध भी किया है और बोल चंद्रबोस ने लिखे हैं। कुछ हफ्ते पहले निर्माताओं द्वारा फिल्म की एक झलक जारी किए जाने के बाद फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। इसकी शुरुआत में सुमंत प्रभास और अनंतिका सनिल कुमार के किरदारों को एक-दूसरे के प्यार में पूरी तरह डूबा हुआ दिखाया गया है। शुरुआत देखकर लगता है कि यह जोड़ी एक-दूसरे के लिए ही बनी है, लेकिन वीडियो के दूसरे हिस्से में दोनों किरदार एक-दूसरे से नफरत करने लगते हैं। फिल्म में अभिनेता उपेंद्र लिमये का किरदार भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाता है।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन के इस शो ने बच्चे-बच्चे को था सुधारा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक का पॉपुलर शो 'शक्तिमान' बच्चों का पसंदीदा शो था। जब टीवी पर शक्तिमान आता तो मोहल्ले की गलियां शांत हो जातीं। ये शो आज भी कई लोगों की यादों में ताजा है। शो में मुकेश खन्ना ने दो अलग-अलग किरदार निभाए थे। एक किरदार था सुपर शक्तिमान और दूसरा फिल्म जर्नलिस्ट पंडित गंगाधर विद्याधर मायाधर ओंकारनाथ शास्त्री. यह शो न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करता था बल्कि बच्चों को अच्छी बातें भी सिखाता था। बच्चों का यह फेवरेट सुपरहीरो सीरियल केवल और केवल मुकेश खन्ना की मेहनत का नतीजा था। इस शो के लिए मुकेश ने सब कुछ दांव पर लगा दिया। फंड की कमी हुई तो उन्होंने कर्ज तक लिया। मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि शो बनाने का आइडिया उनके पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के खिलौनों को देखकर आया। बच्चा अपने खिलौनों के साथ खेलता ही नहीं, उन्हें साफ-सुथरा भी रखता था। इससे उनके मन में भारत का अपना सुपरहीरो कैरेक्टर बनाने का ख्याल जगा। उस समय सुपरहीरो शो बनाने के लिए काफी पैसे की जरूरत थी, जो उनके पास नहीं था। ऐसे में उन्होंने एक शख्स से 75 लाख रुपए उधार लिए। शो सक्सेसफुल होने के बाद उन्होंने वे पैसे लौटाए और उस शख्स ने मुकेश से कोई ब्याज भी नहीं लिया। 13 सितंबर 1997 को दूरदर्शन पर शुरू हुआ 'शक्तिमान' जल्द ही बच्चों का पसंदीदा शो बन गया। इसकी टीआरपी भी बहुत अच्छी थी। लेकिन, शो की सक्सेस के साथ दूरदर्शन ने टेलीकास्ट फीस बढ़ा दी, जिससे मुकेश खन्ना को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## रात होते ही इस शहर में निकल आते हैवान

**नई दिल्ली।** अगर आपको वेब सीरीज देखना पसंद है और आपकी फेवरेट लिस्ट में डार्क, स्ट्रेंजर थिंग और लॉस्ट जैसी मिस्ट्री और हॉरर वेब सीरीज शामिल हैं, तो फ्रॉम आपके लिए एक परफेक्ट बिंज वॉच सीरीज साबित हो सकती है। अगर आप भी लंबी वेब सीरीज की तलाश मे हैं तो ये आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। साल 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर आई फ्रॉम को दुनिया की सबसे फेमस हॉरर-मिस्ट्री सीरिजों में से एक में गिना जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसके हर सीजन में आपको एक अलग ही एंगल देखने को मिलेगा और इसका रहस्य गहराता जाएगा। ये कहानी है एक ऐसे रहस्यमयी छोटे शहर की है जहां पहुंच जाने पर उस शहर से कोई कभी वापस नहीं जा पाता है। इस शहर से बाहर निकलने के लिए कोई भी रास्ता चुनो, लेकिन वापस वो आपको उसी जगह पर ले आता है




# इस वीकएंड ओटीटी पर देख पाएंगे दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी धमाका कर रही है। विजय की फिल्म जन नायकन भी दस्तक दे चुकी है। मनोरंजन के शौकीनों के पास बारिश के इस सुहाने मौसम में थिएटर जाने के पर्याप्त विकल्प हैं। लेकिन, वीकएंड पर अगर आप घर बैठे ओटीटी पर ही कुछ शानदार सिनेमा देखना चाहते हैं तो इस बार ओटीटी पर भी खूब बहार रहेगी।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय आप इस वीकएंड देख सकते हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 24 जुलाई से स्ट्रीम होगी। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे।

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक की बहुप्रतीक्षित



सीरीज है। यह इस फ्राइडे रिलीज हो रही है। इसकी कहानी चंदर (विक्रांत मैसी) सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'पल्लीचट्टंबी' भी इस शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स'

'स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स' भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

इसका लुत्फ भी आप इस वीकएंड उठा सकते हैं। यह सीरीज 25 जुलाई, 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# किल के बाद बदल गया लोगों का नजरिया : राघव



मुंबई। एक वक्त था, जब ज्यादातर लोग राघव जुयाल को डांसर, एंकर या टीवी चेहरे के तौर पर जानते थे। फिर साल 2024 में आई फिल्म 'किल'। इसमें निभाए उनके किरदार ने न सिर्फ ऑडियंस को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री को भी उन्हें नए नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। अब राघव पहली बार फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में लीड हीरो बनकर बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे सफर में अगर कोई चीज उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है, तो वह माता-पिता के चेहरे पर दिखने वाला गर्व है। राघव कहते हैं कि संघर्ष उन्होंने पहले भी किया था, लेकिन 'किल' के बाद पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि लोग उन्हें अलग नजर से देखने लगे हैं। 'जब आप एक कदम आगे बढ़ते हो तो सबको प्रूव करना पड़ता है। मां-बाप को भी और इंडस्ट्री को भी। मुझे भी प्रूव करना पड़ा। 'किल' के बाद मेरे लिए लोगों का परसेप्शन रातों-रात बदल गया। ऐसा बदलाव मैंने अपने एक्सपीरियंस में पहले कभी नहीं देखा था। कपिल शर्मा भाई ने भी मुझसे कहा था कि 'जो परसेप्शन चेंज तू कर रहा है, वो बहुत अलग है।' टीवी इंडस्ट्री के जितने भी लोग थे, सबने फोन किया। सब कह रहे थे कि पता नहीं क्यों, लेकिन ऐसा लग रहा था कि हमने भी ये क्रैक कर दिया। वो इमोशन मेरे लिए बहुत बड़ा था।' राघव मानते हैं कि उनके करियर की सबसे बड़ी ताकत टैलेंट से पहले आत्मविश्वास रहा। 'यही चीज मुझे मोटिवेट करती रही कि मैं हमेशा अपने ऊपर भरोसा करता रहा। इतने साल साइड में रहा, लेकिन मेरे अंदर से कभी ये चीज नहीं गई कि मुझे यही बनना है। मैं कभी मीडियोकर माइंडसेट में नहीं रहा। 16 साल बहुत लंबा वक्त होता है, लेकिन जब तुम अंदर से सोच लेते हो कि तुम यही हो, तो धीरे-धीरे बाहर भी वही होने लगता है।' राघव अपने संघर्ष को किसी शिकायत की तरह नहीं, बल्कि सीख की तरह देखते हैं। 'लाइफ में अनफेयर चीजें होती हैं।

## रंग दे बसंती से लेकर युवा तक, सोशल मीडिया में कई फिल्मों के सीन हो रहे वायरल

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखा विरोध प्रदर्शन का नया रूप

*नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों रंग दे बसंती से लेकर द लीजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी फिल्मों के कई सीन वायरल हैं। वजह है दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहा विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन के अलावा सोशल मीडिया पर विरोध जताने के लिए यूजर्स कई फिल्मों के अहम सीन भी शेयर करके अपने मन की बात बयां कर रहे हैं। भारतीय सिनेमा में भी कई ऐसी फिल्में बनी हैं जिनमें युवाओं को विरोध प्रदर्शन करते दिखाया गया है। आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से लेकर मैं आजाद हूं तक कई फिल्मों में इसकी झलक देखने के मिली है।*

**रंग दे बसंती** : फिल्म रंग दे बसंती 2006 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में युवाओं के प्रदर्शन की ताकत को दिखाया था। फिल्म की कहानी कॉलेज लाइफ का लुफ्त उठाने वाला एक ग्रुप के बारे में थी, जो हमेशा राजनीति से दूर रहता है। एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग करते वक्त वह स्वतंत्रता के लिए वह देश की आजादी के लिए लड़ने वाले चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाकुल्लाह खान और बिस्मिल के किरदार के बारे में पढ़ते और जानते हैं। आगे जब उनका एक दोस्त विमान हादसे में मारा जाता है उसके उन्हें लोकतंत्र का महत्व समझ आता है। युवा पीढ़ी पर बनी यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया था। इसमें आमिर खान, सोहा अली खान, आर माधवन और शरमन जोशी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।



**नो वन किल्ड जेसिका** : मशहूर जेसिका लाल हत्याकांड पर बनी फिल्म 'नो वन किल्ड जेसिका' में एकता की शक्ति को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी जेसिका को न्याय दिलाने पर आधारित थी। जेसिका एक बार टेंडर थीं, जिनकी एक नेता के बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिल्म में जेसिका के निधन के बाद उसकी बहन सबरीना को न्याय पाने के लिए संघर्ष करते दिखाया गया है। इस फिल्म में दिखाया कि शांतिपूर्ण ढंग से भी प्रदर्शन किया जा सकता है। जेसिका के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए युवाओं और लोगों द्वारा किए गए कैंडल मार्च से लेकर पोस्टर मार्च तक, फिल्म में सच्चाई की जंग को दिखाया गया। इस फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदार में थीं, निर्देशक राज कुमार गुप्ता थे।

**हासिल** : फिल्म 'हासिल' 2003 में रिलीज हुई थी। फिल्म के निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया था। कहानी प्रयागराज स्थित यूनिवर्सिटी में होने वाली स्टूडेंट पॉलिटिक्स के उतार-चढ़ाव के बारे थी। इसमें लव स्टोरी भी दिखाई गई जो इन सबके बीच फंसी हुई है। फिल्म स्टूडेंट पॉलिटिक्स के मुद्दे, एक्टिविज्म और जागरुकता को एक सधे हुए तरीके से पेश करती है। इसके साथ ही लोकतंत्र में युवाओं के भविष्य का महत्व भी समझाती है। फिल्म में जिमी शेरगिल, इरफान खान और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य किरदारों में थे।

***युवा*** *: फिल्म 'युवा' 2004 में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी समाज में होने वाली गुंडागर्दी और उसका कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर होने वाले प्रभाव को भी दिखाया गया। अजय देवगन ने फिल्म में कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के माइकल का किरदार निभाया। माइकल, जो कॉलेज का स्टूडेंट लीडर भी है और समाज में बदलाव भी लाना चाहता है पर राजनैतिक भ्रष्ट नेताओं के कारण वह कई मुश्किलों से घिरा रहता है। माइकल पर कई हमले होते हैं। मगर वो उसका मनोबल नहीं तोड़ पाते। फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। इसमें अजय के अलावा अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, रानी मुखर्जी, करीना कपूर और एशा देओल जैसे कलाकार थे।*

***मैं आजाद हूं*** *: फिल्म मैं आजाद हूं 1989 में रिलीज हुई थी। फिल्म का गाना 'इतने बाजू इतने सर' काफी मशहूर हुआ था। इस गाने को अमिताभ बच्चन ने खुद गाया था। फिल्म में एक महिला पत्रकार की करप्शन के खिलाफ जंग और और उसमें एक साधारण इंसान के भागदौड़ को दिखाया गया। फिल्म की पटकथा समाजिक एकता और संघर्ष के खिलाफ होने वाली लड़ाई से प्रभावित है। इस फिल्म में शबाना आजमी और अमिताभ बच्चन ने मुख्य किरदार निभाया था।*

## खबर संक्षेप

### सेमरा कटरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**राजपुर।** ग्राम पंचायत सेमरा कठरा के किसानों को राजस्व पट्टा एवं किसान किताब उपलब्ध कराने की मांग तेज हो गई है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला प्रभारी अशोक रस्तोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन भेजकर इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेमरा कठरा वर्ष 2014-15 में राजस्व ग्राम घोषित किया गया था। गांव का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नक्शा-खसरा तैयार कर एसडीएम द्वारा कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा को भेजा जा चुका है। बावजूद इसके निवासरत करीब 200 किसानों को अब तक राजस्व पट्टा और किसान किताब नहीं मिल सकी है। अशोक रस्तोगी ने कहा कि किसानों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि ग्रामीणों की मांग राजस्व पट्टा दिए जाने की है। वन अधिकार प्रमाण पत्र मिलने से किसानों को कई शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। साथ ही बच्चों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।अशोक रस्तोगी ने सेमरा कठरा के किसानों राजस्व पट्टा एवं किसान किताब प्रदान करने की मांग की गई है।

### नीट पेपर लीक व बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रधानमंत्री का प्रतिकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश संयुक्त महामंत्री की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी पर नीट पेपर लीक, ख़राब अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महंगाई कर देश के छात्रों का भविष्य ख़राब करने का आरोप लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया,पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया मगर कार्यकर्ता झुमझटकी के बीच पुतला जलाने में सफल रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी भी की।कार्यक्रम को नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रमेश दनोदिया, ज़फ़र हैदर, अनुपम फिलिप ने संबोधित किया,इस दौरान रणविजय सिंह, मनोज डालमिया, आशीष यादव, पार्षद चंदन सिंह, आकाश साहू, भावना नेताम, वीरेंद्र मिश्रा, मेहताब आलम, अविनाश यादव, सज्जाद खान, संजय सोनी, दिलीप सोनी, पार्षद हर्ष दनोदिया, पार्षद संतोष जायसवाल, रूप नारायण राजवाड़े, नीरज सिंह, संदीप शर्मा, धर्मेंद्र बिट्टल, दीप्ति स्वाईं, छन्दा श्री, गीता पुरी, रश्मि शर्मा, चंदा सिंह, राजकुमारी जायसवाल, निशा तिर्की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रैली निकाल कांग्रेसियों ने किया विरोध-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में पेट्रोल पंप चौक से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया तथा पुतला फूंका। रैली नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंची तहां पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने एवं पेपर लीक मामले में कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई है। रैली में गंगा प्रसाद, दिलीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनोज यादव, संजय सिंह, सुभाष यादव, फरीद खान, अतुल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने पैदल मार्च कर किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** शिक्षा व्यवस्था में भारी अनियमितता और जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से लेकर माता कर्मा चौक हनुमान मंदिर तक शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च निकाला और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों के पूरा किए जाने की बात कही गई है। तीन सूत्रीय मांगों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा,जंतर मंतर पर हुए छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार में दोषियों के ऊपर कार्यवाही और नीट के पेपर लीक मामले में संसद में चर्चा कर दोषियों के उपर कार्यवाही की मांग की गई है। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय से निकल नगर के बसस्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुँचा जहाँ केन्द्र सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान अमित सिंहदेव,वीरेंद्र सिंह देव, शराफत अली, सतेंद्र राय, रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, अजर राम चौधरी, इरशाद खान, गप्पू खान, भूपेंद्र जायसवाल, स्वप्निल शर्मा, भूपेंद्र सिंह, भानु राजवाड़े, मकसूद हुसैन, इमरान हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### चीफ पायलट कैप्टन, टेक्निकल एडवाइजर, कैप्टन सहित अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

# तामेश्वर नगर हवाई पट्टी के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम, लोगों में जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

क्षेत्र के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र का तामेश्वर नगर भी भविष्य में हवाई यातायात से जुड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम के निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। लोगों का कहना है कि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी।

**खास बात**
- एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित करने की संभावनाएं

छत्तीसगढ़ शासन के चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान, टेक्निकल एडवाइजर अनिल कुमार राय तथा कैप्टन ओंकार तिवारी सहित विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम ने लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों तथा भविष्य में हवाई संचालन की संभावनाओं का गहन परीक्षण किया गया। चीफ पायलट कैप्टन देवेंद्र सचान ने स्वयं कई बार फोर-व्हीलर वाहन चलाकर पूरी हवाई पट्टी का परीक्षण किया तथा उसके गुण-दोषों का तकनीकी मूल्यांकन करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं उन्नयन के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाने, आवश्यक तकनीकी सुविधाएं विकसित करने तथा अन्य आधारभूत व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान स्वरूप में आवश्यक तकनीकी सुधार पूर्ण होने के बाद इस हवाई पट्टी का उपयोग प्रारंभिक रूप से शासकीय विमान तथा एयर एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए किया जा सकता है, जिससे क्षेत्रवासियों को गंभीर परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा एवं राहत सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। भविष्य में इसे नियमित हवाई यातायात के अनुरूप विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस संबंध में वन विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ भी विशेषज्ञ टीम ने विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के नेता जयप्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि शैलेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, कमल मंडल, कर्णधर राय, गौरव राज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।



हवाई पट्टी का निरीक्षण करते अधिकारी।

**निरीक्षण से जगी उम्मीद**

निरीक्षण के बाद क्षेत्र में यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयासों से तामेश्वर नगर हवाई पट्टी शीघ्र ही जनसामान्य के लिए हवाई सेवाओं हेतु उपलब्ध हो सकती है। विशेषज्ञ अधिकारियों ने लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित इस हवाई पट्टी की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में उस समय इस प्रकार की दूरदर्शी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह हवाई पट्टी क्षेत्र के विकास का नया द्वार खोल सकती है तथा इसे आगे चलकर एक कमर्शियल एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित किए जाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

**आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई गति**

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि तामेश्वर नगर हवाई पट्टी का शीघ्र उन्नयन कर हवाई सेवाएं प्रारंभ होती हैं, तो रामानुजगंज विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर छत्तीसगढ़ में व्यापार, पर्यटन, निवेश, चिकित्सा सुविधाओं और आपदा प्रबंधन को नई गति मिलेगी। यह उपलब्धि क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री रामविचार नेताम की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण परिणाम मानी जा रही है।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल से फरार हुआ मरीज, परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज फरार हो गया। मरीज के अचानक लापता हो जाने से परिजन परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात है बावजूद इसके मरीज के फरार हो जाने से अब प्रबंधन सहित सुरक्षा गार्ड के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। इधर मरीज की तलाश के लिए परिजन थाना के चक्कर लगा रहे है।

जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बासेन निवासी लाल बिहारी रवि आ. रामनाथ रवि (40 वर्ष) को सोमवार को अचानक झटका जाने पर परिजन उसे राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मरीज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। लाल बिहारी को मेडिकल वार्ड में भर्ती कर चिकित्सक उपचार कर रहे थे। मंगलवार को दिन लगभग 11.30 बजे पत्नी श्रद्धा पति के साथ वार्ड में थी। इसी बीच मरीज लाल बिहारी बाथरूम की ओर जाने लगा जिसे देख पत्नी बाथरूम जाने की आशंका पर वार्ड में थी। पति के वापस नहीं आने पर जब पत्नी बाथरूम गई तो पता चला की वह नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब मरीज का पता नहीं चला तो परिजन ने घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन के साथ पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि मरीज बीच के गेट से बाहर निकला था। इधर परिजन गुम इंसान का मामला दर्ज कराने मणिपुर थाना गए तो पुलिस ने भर्ती पर्ची की मांग की जब परिजन वार्ड में भर्ती पर्ची की मांग की तो वार्ड से उन्हें भर्ती पर्ची ही नहीं दिया गया जिससे अब परिजन फरार मरीज की रिपोर्ट दर्ज कराने अस्पताल की चक्कर लगा रहे।

## शहर में सड़क पर कब्जा, तहसीलदार न्यायालय ने जारी किया बेदखली आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर शहर में शासकीय सड़क की भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में राजस्व न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। न्यायालय ने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर बने ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल को अतिक्रमण मानते हुए संबंधित कब्जाधारी रितेश अग्रवाल को बेदखल करने का आदेश जारी किया है।

- 3 दिन में हटेगा अतिक्रमण

राजस्व अभिलेखों के अनुसार सूरजपुर स्थित शासकीय सड़क मद में दर्ज भूमि पर पक्का ट्रिपल स्टोरी भवन, कार्यालय, फैक्ट्री एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कर कब्जा किया गया है। इसी आधार पर राजस्व न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई प्रारंभ की गई। सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता कुंजबिहारी गुप्ता ने न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर बने भवन में फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है तथा अतिक्रमण हटाया जाना आवश्यक है। दूसरी ओर रितेश अग्रवाल ने न्यायालय में विस्तृत जवाब पेश कर पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और तथ्यों के विपरीत बताया। उन्होंने दावा किया कि पंचनामा उनकी अनुपस्थिति में तैयार किया गया, पुराने राजस्व नक्शे का सही परीक्षण नहीं किया गया तथा शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप निराधार है। उन्होंने दोनों पक्षों की उपस्थिति में पुनः सीमांकन और संयुक्त स्थल निरीक्षण कराने की मांग भी की। प्रकरण की सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के रिट क्रमांक 866/2026 डीके सोनी एवं अन्य बनाम शासन में पारित आदेश की प्रति भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। राजस्व न्यायालय ने पटवारी की रिपोर्ट, अभिलेखों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद माना कि संबंधित भूमि शासकीय सड़क के रूप में दर्ज है। उस पर निर्माण कर कब्जा किया जाना प्रमाणित होता है। इसके आधार पर न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने एवं संबंधित व्यक्ति को बेदखल करने का आदेश पारित किया। आदेश में निर्देश दिया गया है कि संबंधित तीन दिवस के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर न्यायालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में आदेश का पालन नहीं होने पर राजस्व विभाग नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करेगा।



## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों को लड्डू के साथ मिली थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

संकुल केंद्र मंगारी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही बच्चों को लड्डू के साथ थाली वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाने के साथ ही संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता ने नव पहल करते हुए प्राथमिक स्तर के कक्षा पहली के सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपनी ओर से थाली प्रदान किया। संकुल केंद्र मंगारी अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक शाला के कर्मचारियों को कक्षा 2री से 5वीं तक के अध्ययनरत समस्त बच्चों को अपनी ओर से वितरण करने की बात कही। संकुल केंद्र के सभी प्रधान पाठक और कर्मचारियों ने प्राथमिक शाला मंगारी के शशि सरोज बरवा और सरिता एक्का, बनिया टिकरा से गंगेश्वर राम पैकरा और चिंतामणि मिंज, माझापारा से मंजुला शांता टोप्पो और अन्नपूर्णा मैडम, कपाट बहरी से वीरेंद्र भगत और विमला गुप्ता,कोरवापारा से आनंद राम,टुकूपानी से सुमति सिंह और रामेश्वरी सिंह ने सहमति जताते हुए थाली क्रय कर आज सभी बच्चों को प्रवेश उत्सव के अवसर पर थाली प्रदान किया। अब कोई भी बच्चा अपने घर से थाली लेकर नहीं आएगा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरि गुप्ता से माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए भी अपेक्षा जाहिर कि गई तो उन्होंने इस नई पहल की सराहना करते हुए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। हरि गुप्ता ने कहा कि सुशासन की सरकार में बच्चों के सर्वांगीण विकास में कोई भी चीज बाधा नहीं आएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति पर अध्यक्ष दुर्योधन पैकरा और मुख्य अतिथि हरि गुप्ता द्वारा नगद पुरस्कार बच्चों को दिया गया। कार्यक्रम को नरेंद्र पैकरा, ईश्वर यादव,चूड़ामणि दास ने भी संबोधित किया। इस दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री शरद चंद्र मेषपाल, विनीत कुमार पाल, अनिल कच्छप,रजनीश प्रसाद मिश्र, जूगेश्वर राम, राम कुमारी दीवान, देवमती पैकरा, विनोद दास, राकेश प्रसाद द्विवेदी, लिली मॉरिश केरकेट्टा,जमुना नायक, ख्रीस्त मंजुला तिर्की, सुभद्रा माझी,लव कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## छुट्टे की किल्लत से जूझ रहे स्थानीय व्यापारियों को एसबीआई व चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने वितरित किए सिक्के

**बिश्रामपुर।** स्थानीय व्यापारियों को छुट्टे पैसों की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को बस स्टैंड बिश्रामपुर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बिश्रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में पांच,दस व बीस रुपये के सिक्कों का वितरण किया गया,कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीयों ने कहा कि व्यापारियों की सुविधा और दैनिक कारोबार को सुगम बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे, ताकि चेंज पैसों सिक्कों की उपलब्धता बनी रहे और लेन-देन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,जतिन तायल, विजय गोयल (कालू), प्रदीप गर्ग, नितिन गोयल, सावन गोयल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे,व्यापारियों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सिक्के प्राप्त किए और इस पहल की सराहना की।



## नव-नियुक्त शिक्षकों ने परिवीक्षा की अवधि पूरी होने से पहले की स्थायीकरण की मांग, सौपा ज्ञापन

**धौरपुर।** विकासखंड लुंड्रा में पदस्थ नवनियुक्त शिक्षकों ने तीन साल की परिवीक्षा अवधि सितंबर में पूरी होने से पहले ही स्थायीकरण की प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। शिक्षकों ने इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक अजय सिंह एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि परिवीक्षा अवधि खत्म होने से पहले विभागीय मूल्यांकन, गोपनीय प्रतिवेदन, सेवा सत्यापन एवं अन्य जरूरी औपचारिकताओं की प्रक्रिया समय रहते शुरू की जाए। शिक्षकों का कहना है कि इससे परिवीक्षा पूरी होते ही नियम के अनुसार स्थायीकरण आदेश जारी हो सकेगा और प्रशासनिक देरी से बचाव होगा। शिक्षकों ने कहा कि समय पर प्रक्रिया शुरू होने से विभागीय काम भी आसान होगा। पात्र शिक्षकों को स्थायीकरण का लाभ नियम के अनुसार समय पर मिल सकेगा।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों में जुटा सर्व आदिवासी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राजपुर में आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के भव्य आयोजन को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजपुर विकासखंड के समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत योजना तैयार की गई। बैठक में समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक पहचान को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विशाल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक सहभागिता तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न आयोजन करने पर सहमति बनी। साथ ही जिले के सभी गांवों एवं पंचायतों से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने की तैयारी चल रही है। आयोजन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में सुबह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक प्रतिनिधियों ने समाज की एकजुटता को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हुए जिले के प्रत्येक गांव तक कार्यक्रम का संदेश पहुंचाने की बात कही। बैठक में विजय खुसरो, लालसाय मिंज, शिव शांडिल्य, कृष्णनाथ टोप्पो, अनिल भारती, बीरबल आयम, रंजीत बड़ा आदि शामिल है।











## खबर संक्षेप




### गौ विज्ञान परीक्षा में छात्रा झलक ने बढ़ाया मान

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक की छात्रा झलक नायक ने गौ विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित गौ संगम एवं गौ विज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। प्रत्येक परिवार गौ सेवा एवं संरक्षण का संकल्प लेगा, तभी यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकेगा। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

### जीत का प्रयास बालक विद्यालय के लिए चयन

**घौठला बड़े।** तहसील सारंगढ़ के ग्राम माधोपाली निवासी संतोष



पटेल के सुपुत्र जीत पटेल का चयन प्रयास अन्य पिछड़ा वर्ग बालक आवासीय विद्यालय रायपुर में हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**रायगढ़।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती, अमर क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती तथा अविभाजित मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की राजनीति के पुरोधा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने तीनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को स्मरण किया। शाखा यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा का उद्घोष कर देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का मूल नाम केशव गंगाधर तिलक था पेशे से शिक्षक थे।

### पेज 1 का शेष

#### बगीचा पुलिस ने ...

के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें अभिषेक प्रजापति पिता भास्कर प्रजापति, उम्र 19 वर्ष, निवासी डूमर टोली, बगीचा तथा 3 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। मामले में एक अन्य आरोपी की पहचान कर ली गई है, जो वर्तमान में फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

#### निरीक्षण के दौरान ...

पाते हैं। अध्यक्ष की शिकायत पर कलेक्टर ने सीएमओ श्री उपाध्याय से मोबाईल पर कॉल कर बात की। इस ओर सीएमओ ने विभागीय बैठक के सिलसिले में अंबिकापुर के जॉइंट डायरेक्टर कार्यालय में होने की बात कही। पालिका अध्यक्ष ने बताया सीएमओ के जवाब पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने सीएमओ कार्यालय को सील करने का निर्देश दिया था। शहर के विकास कार्यों का निरिक्षण का प्लान एक सप्ताह पहले तय था। इसके बाद भी सीएमओ निरीक्षण से नदारत थे। इसकी शिकायत मैंने कलेक्टर से की थी। इस पर कार्रवाई हुई है। उम्मीद है इससे शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी।

## बालिकाओं की सुरक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली आश्रम, छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक




समीक्षा बैठक लेती कलेक्टर पद्मिनी भोई, उपस्थित अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के आश्रम छात्रावास में निवासरत बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने आश्रम, छात्रावासों की समीक्षा की और बच्चों की सेहत, शिक्षा, अनुशासन, सुरक्षा और ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दिया।

उन्होंने छात्रावासों की कुशल व्यवस्था, विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली की विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने बालक बालिका को पालक की तरह ध्यान देने और अनुशासन का पालन कराने के निर्देश दिए। विशेष रूप से कन्या छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी गर्ल्स हॉस्टलों में सुरक्षा गार्ड की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू एवं कार्यशील रखने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने को कहा। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सभी अधीक्षकों से ऑनलाइन अटेंडेंस चेक इन एवं चेक आउट की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक अधीक्षक नियमित रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। ऑनलाइन उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन छात्रावासों में नियमित अधीक्षक पदस्थ नहीं हैंए वहां संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों को प्रभारी अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे सभी प्रभारी अधीक्षकों को छात्रावास में ही निवास करते हुए विद्यार्थियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास में जितने विद्यार्थी दर्ज हैं।

### बालिका शौचालय मुक्तिधाम की स्वीकृति

**रायगढ़।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जीराम जी के अंतर्गत जिले में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मिशन के प्रथम चरण में बालिका शौचालय, मुक्तिधाम एवं सैंड फिल्टर जैसे आधारभूत एवं जनकल्याणकारी कार्यों को शामिल किया गया है। आगामी सीईओ कॉन्फ्रेंस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने इन प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया तेज कर दी है, ताकि स्वीकृति मिलते ही कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छताए जल संरक्षण, सामाजिक गरिमा और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। जिला प्रशासन ने सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, वहीं संबंधित अधिकारियों को भी स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश जारी किए गए हैं। वीबी जीराम जी मिशन के अंतर्गत जिन कार्यों की शुरुआत की जा रही है उनका सीधा संबंध ग्रामीण समुदाय से है।



## प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत प्रथम गर्भवती माताओं को 5 हजार तथा दूसरी बार बालिका को जन्म देने के स्थिति में 6 हजार रूपए इस योजना के तहत माताओं को शासन द्वारा राशि दी जाती रही है। जिसके लिए सतत मानिटरींग के साथ साथ उसके दस्तावेज संधारण के लिए क्षेत्र के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को अपडेट कराने की जरूरत होती है।

इस तथ्य के मद्देनजर पुसौर एकीकृत बाल विकास परियोजना प्रमुख कार्यक्रम अधिकारी एवं 11 सेक्टर के पर्यवेक्षण गण अपने अपने क्षेत्र में सघन कार्यशाला आयोजित कर रहे हैं। इसी कड़ी में पुसौर जनपद कार्यालय में पुसौर सेक्टर एवं एक अन्य सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एक सक्षम अधिकारी जिला कार्यालय से भी आए थे। जानकारी के मुताविक इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र के गर्भवती माताओं का पंजीयन कराना होता है जिनके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जमा करना होता है इसी तरह जिन माताओं का दुसरी बार बालिका जन्म होता है संबंधित माता एवं उसके परिजन उस नवजात बालिका को समुचे टीके वगैरह लगवाए या नहीं इसके सारे दस्तावेज एकत्र करना होता है।

## शिक्षक विजय के वेतन का एक प्रतिशत अभियान विद्यार्थियों के मुस्कान का हिस्सा बन रहा

**घरघोड़ा।** छात्र छात्राओं के हित एवं उनको प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से चलाए जा रहे अभियान मासिक वेतन का एक प्रतिशत अभियान के शिक्षक विजय पंडा ने प्रयास आवासीय विद्यालय में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को एवं कक्षा आठवीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बनाने वाली छात्राओं को पुरुष्कार प्रदान कर उनको प्रोत्साहित करते हुए उनके मुस्कान का हिस्सा बने द्यकक्षा आठवीं मे आँचल भोय, अनामिका महंत, मुस्कान कुम्हार एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में आँचल



भोय, रविना जोल्हे, जश्मिता पंडा, गायत्री मांझी ने अपना स्थान बनाते हुए सफलता प्राप्त किया। इस अवसर पर शैक्षणिक उपस्कर एवं रंगीन छतरी प्रदान किया गया। कन्या माध्य शाला घरघोड़ा में पदस्थ शिक्षक विजय पंडा ने अपने मासिक वेतन का एक प्रतिशत अभियान को आगे बढ़ाने की अपील अन्य शिक्षकों से की है ताकि स्कूली शिक्षा का समग्र वातावरण बन सके। व्याख्याता संतराम साहू शिक्षिका सावित्री पटेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान एवं उत्साह का माहौल देखा गया।

### उद्यानिकी फसलों का 31 जुलाई तक होगा पंजीयन

**सारंगढ़।** जिले में उद्यानिकी फसलों के बीमा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शासन द्वारा इस वर्ष समस्त ऋणी एवं अऋणी उद्यानिकी कृषकों के लिए फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मौसम के प्रतिकूल घटकों जैसे अनियमित वर्षा, अत्यधिक तापमान, ओलावृष्टि व किट व्याधि उद्यानिकी फसलों का होने वाले आर्थिक नुकसान से कृषकों को सुरक्षा कवच प्रदान कराना है। कृषक खरीफ मौसम में टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, पपीता, अमरूद एवं केला फसलों का बीमा करा सकते हैं।

## कृषि पशुपालन व उद्यम से जुड़ी महिलाएं, अब स्थानीय बीजों, अनाजों से बना रहीं राखियां

**रायगढ़।** कृषि पशुपालन और विभिन्न उद्यम गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहीं धरमजयगढ़ ब्लॉक की महिलाएं अब स्थानीय बीजों और अनाजों से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व.सहायता समूहों की महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व को आजीविका से जोड़ते हुए बीज राखियों का निर्माण शुरू किया है। स्थानीय संसाधनों से तैयार हो रही ये राखियां महिलाओं को अतिरिक्त आय का अवसर देने के



साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रही हैं। धरमजयगढ़ विकासखंड के आठ स्व.सहायता समूहों की महिलाएं विभिन्न प्रकार के बीजों और अनाजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार कर रही हैं। इनमें बरबट्टी, मक्का, कुम्हड़ा, लौकी, करेला, सेमी, ग्वारफली, भिंडी, उड़दए मसूरए मूंगफलीए धान और चावल जैसे स्थानीय बीजों का उपयोग किया जा रहा है। फेवीकोल, रंग, स्टीकर और धागे की सहायता से तैयार की जा रही ये राखियां आकर्षक होने के साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। इन बीज राखियों की खासियत यह है कि रक्षाबंधन के बाद इन्हें मिट्टी में दबाने पर इनमें मौजूद बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकते हैं।

## नपं के मनोनीत पार्षदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ




**सरिया।** नगर पंचायत सरिया में गुरुवार सुबह मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे। समारोह में शासन द्वारा मनोनीत पार्षद सुनील मेहर, दिलीप साहू, ध्वजाराम प्रधान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में नगर पंचायत सरिया के पार्षद गण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। एसडीएम सारंगढ़ उमेश साहू ने मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण कराया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत नपं सरिया में जहां शपथ ग्रहण के बाद सभी मनोनीत पार्षदों ने नगर पंचायत सरिया के सर्वांगीण विकास स्वच्छता, पेयजल, सड़क और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। तीनों मनोनीत पार्षदों ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतारते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, नपं अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप ने भी शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया। मीडिया से चर्चा के दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही ने विश्वास जताया कि मनोनीत पार्षद राजनीति से ऊपर उठकर, पूरी पारदर्शिता और समर्पित भाव से जन सेवा के कार्य में जुटेंगे।

### युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायगढ़।** तमनार क्षेत्र के युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और जिंदल पावर तमनार के बीच विशेष पहल की गई है। इसी पहल के तहत बुधवार को तमनार स्थित शासकीय आईटीआई भवन में जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने कहा कि युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित युवाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि तीन माह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ पूरा करें।

## देवांगन धर्मशाला संचालन पर बनी सहमति, युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी पक्षों की सहमति, समाज के वरिष्ठजनों के समर्थन से लिया गया निर्णय**




नया गंज कोष्टापारा स्थित देवांगन धर्मशाला के संचालन को लेकर लंबे समय से चल रही स्थिति अब स्पष्ट होती नजर आ रही है। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित प्रशासनिक बैठक में सभी संबंधित पक्षों की बात सुनने और दस्तावेजों की जांच के बाद युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति को धर्मशाला संचालन की जिम्मेदारी सौंपने पर सहमति बनी।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रमुख व्यक्तियों की राय को भी महत्व दिया गया। चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि युवा देवांगन बूढ़ी माई सेवा समिति विधिवत पंजीकृत संस्था है और उसे समाज के वरिष्ठजनों का समर्थन प्राप्त है। इसके आधार पर प्रशासन ने धर्मशाला संचालन को लेकर निर्णय लिया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि देवांगन धर्मशाला समाज की अमूल्य धरोहर है, जिसका संचालन पूरी पारदर्शिता, सेवा भावना और समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, सामाजिक एकता को मजबूत करना और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। समिति ने समाज के सभी लोगों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए धर्मशाला के विकास एवं समाजहित के कार्यों में सहयोग की अपील भी की। वहीं समाज के वरिष्ठजनों ने इस निर्णय को संगठनात्मक एकता और सामूहिक विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। बैठक में वर्तमान में धर्मशाला का संचालन कर रहे समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।

### कन्या शाला से प्रयास आवासीय परीक्षा में चार छात्राओं का चयन

**घरघोड़ा।** शास कन्या पूर्व माध्य शाला घरघोड़ा के प्रयास आवासीय विद्यालय प्रतियोगिता में चार छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। कन्या माध्यमिक विद्यालय घरघोड़ा से आँचल भोय, रविना जोल्हे, जश्मिता पंडा, गायत्री मांझी ने प्रयास विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं की सफलता से पालकों शिक्षकों में हर्ष का वातावरण निर्मित होते हुए शासकीय विद्यालय ने जन समुदाय के मध्य एक विश्वास अर्जित किया है। यही कारण है की उक्त विद्यालय में विगत वर्षो से दर्ज संख्या विकासखंड के अन्य विद्यालयों की तुलना में सर्वाधिक क्रम में रहती है। छात्राओं की उक्त सफलता से विकास खंड शिक्षा अधिकारी शशिधर निषाद, प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा विकास खंड स्रोत समन्वयक मनोज प्रधान, प्रधानपाठक संविदा अखिलेश कुमार मिश्रा ज्योति खलखो, निवेदिता सिंह ठाकुर सहित ज्ञान दीप पुरुष्कार प्राप्त शिक्षक विजय पंडा ने छात्राओं की कड़ी मेहनत की सराहना की है।

## जमीन विवाद में युवक की हत्या, ढाई साल बाद आरोपी को उम्रकैद

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नवापाली में जनवरी 2024 में हुए चर्चित हत्याकांड में अदालत ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी हरिलाल खड़िया 30 वर्ष को हत्या का दोषी ठहराते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत उम्रकैद और अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही अदालत ने छत्तीसगढ़ शासन की पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा भी की। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी 2024 को ग्राम नवापाली में जमीन समतलीकरण के दौरान विशाल सिंह ठाकुर की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर चक्रधरनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### अब तक केवल ढाई हजार एमटी की ही सप्लाई

# किसानों को डीएपी दे रहा टेंशन, जरुरत अभी, मगर उपलब्ध नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अभी डीएपी खाद की जरुरत है तो किसानों को मिल नहीं रहा है, कारण समितियों में खाद नहीं है। इसके विकल्प के तौर पर अन्य खाद लेने की सलाह विभाग के अधिकारी दे रहे हैं, लेकिन किसान उस पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। याने किसानों को अभी डीएपी खाद काफी टेंशन दे रहा है।

आज की तारीख में देखा जाए तो समितियों में स्टॉक केवल 482 एमटी ही है। वहीं थोक याने निजी दुकानों में केवल 159 एमटी ही स्टॉक में है। खरीफ सीजन की बात करें तो केवल 2510 एमटी ही डीएपी खाद मिला है। बाकी पुराने बचत के भरोसे काम चल रहा है। जिले करीब साढ़े चार लाख किसान इस समस्या से परेशान हैं। मांग के हिसाब से अब तक केवल 48.73 फीसदी ही आपूर्ति की जा सकी है। अब सप्लाई की उम्मीद भी नहीं है। खाद की डिमांड इस महीने तक ही होगी। इसके बाद यूरिया और कुछ अन्य खाद की मांग किसान ज्यादा करेंगे। डीएपी को बुआई के पहले जुताई और खेत की



जुताई या फसल बुआई के दौरान उपयोग किया जाता है। जिले में जून में बारिश नहीं होने के कारण बुआई का काम प्रभावित हो गया था। अभी बारिश हुई है तो किसान बुआई भी कर रहे हैं और रोपा की तैयारी भी कर रहे हैं। इसी दौरान डीएपी खाद की जरुरत पड़ती है, लेकिन उपलब्धता नहीं होने की वजह से दूसरे खाद लेने की सलाह दी जा रही है। हालांकि किसान दूसरे खाद पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। जिले में इस साल काफी कम मात्रा में टारगेट मिला था। 7800 एमटी का टारगेट मिला था। इसमें 46.70 फीसदी खाद का ही भंडारण हो सका है।

### एनपीके, एसएसपी और टीएसपी विकल्प

एनपीके, एसएसपी समेत अन्य खाद को बतौर विकल्प किसानों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। हालांकि स्टॉक के हिसाब से देखा जाए तो बहुत ज्यादा नहीं है। एनपीके का टारगेट 2500, पोटाश 1600 और एसएसपी का टारगेट 3000 एमटी था। एनपीके का भंडारण 2779 एमटी, पोटाश 1253 और एससपी का भंडारण 3601 एमटी हुआ था। अभी की उपलब्धता देखा जाए तो एनपीके 143 एमटी, पोटाश 244 और एसएसपी 379 एमटी उपलब्ध है। यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश और एसएसपी मिलाकर जिले को इस बार 32 हजार 400 एमटी का टारगेट था। अब तक 27 हजार 50 एमटी का भंडारण हुआ है। अभी समितियों में जहां 3439 एमटी खाद बचत है तो थोक में 2079एमटी है। इसमें डीएपी केवल 482एमटी ही स्टॉक में है।

### कौन खाद क्या करता है काम

खेतों की सेहत के हिसाब से खाद की संतुलित मात्रा डाली जाती है। यूरिया खाद पौधों का विकास करता है, वानस्पतिक वृद्धि करता है, पीलापन दूर करता है और पौधों की क्षमता बढ़ाता है। बुआई के समय या फसल वृद्धि के समय उपयोग किया जाता है। डीएपी संतुलित पोषक तत्वों, पौधों की वृद्धि, और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करता है। एनपीके में तीन पोषक तत्व होते हैं जो पत्तियों को बढ़ाता है।

